आपने तो सुना ही होगा कि ज्यों-ज्यों सरकार चलन में मुद्रा की मात्रा बढ़ाती जाती है, त्यों-त्यों मुद्रा के मूल्य में कमी होती जाती है अर्थात् मूल्य स्तर बढ़ता जाता है । आपने यह भी अनुभव किया होगा कि वर्षा की मात्रा में वृद्धि होने से कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होती है । अगर वर्षा की मात्रा एक सीमा से अधिक बढ़ जाय (अतिवृष्टि) तो कृषि उत्पादन में कमी भी हो जाती है । इस प्रकार अनेकों तथ्य-युग्मों का उदाहरण दिया जा सकता है जिनके बीच किसी न किसी प्रकार का सम्बन्ध विद्यमान होता है । ऐसे तथ्यों से संबंधित समंक यदि एकत्र किये जायें तो हम पाते हैं कि एक श्रेणी में परिवर्तन होने पर दूसरे तथ्य से संबंधित श्रेणी के मूल्यों में भी परिवर्तन हो जाता है । वास्तव में होता यह है कि प्रथम श्रेणी में परिवर्तन हो जाता है । दूसरे शब्दों में ऐसा कहा जा सकता है कि द्वितीय तथ्य का मूल्य क्या होगा यह उसके समकक्ष प्रथम तथ्य के मूल्य में होने वाले परिवर्तन पर निर्भर करता है । ऐसे प्रथम तथ्य को स्वतन्त्र चर (Independent Variable) तथा द्वितीय तथ्य को आश्रित चर (Dependent Variable) कहा जाता है । इनके बीच पाये जाने वाले सम्बन्ध को कार्य-कारण सम्बन्ध (Causal relationship) तथा दोनों चरों को सह-संबंधित चर कहते हैं । इस प्रकार किन्हीं दो तथ्यों के बीच कार्य-कारण सम्बन्ध की उपस्थिति उनके सह-संबंधित होने की एक महत्वपूर्ण शर्त होती है । कभी-कभी दो चरों में परिवर्तन हमें स्पष्टत: दिखाई पड़ता है किन्तु कार्य-कारण सम्बन्ध के अभाव में उन्हें-संबंधित तथ्य नहीं माना जा सकता । उदाहरण के तौर पर गत सात वर्षों में भारत में वर्षा की मात्रा तथा नेपाल में चावल के उत्पादन की मात्रा से संबंधित समंक यदि निम्न प्रकार रहे हैं-

वर्ष	भारत में वर्षा की मात्रा (से. मी. में)	नेपाल में चावल का उत्पादन (लाख टन में)
1985	30	50
1986	45	60
1987	70	75
1988	100	90
1989	130	140
1990	135	160
1991	138	165

उपर्युक्त समंकों को देखने से स्पष्ट तौर पर जाहिर होता है कि वर्षा की मात्रा में जैसे-जैसे वृद्धि (परिवर्तन) हो रही है वैसे-वैसे चावल के उत्पादन में वृद्धि (परिवर्तन) हो रही है । अत: ऊपरी तौर पर ये दोनों तथ्य सह-संबंधित लगते हैं । लेकिन ऐसा कहना उचित नहीं है क्योंकि इनके बीच कार्य-कारण संबन्ध का अभाव है । भारत में वर्षा की मात्रा में होने वाली कमी या वृद्धि का कोई प्रभाव नेपाल में चावल के उत्पादन पर नहीं पड़ता । नेपाल में चावल के उत्पादन में होने वाला परिवर्तन अन्य कारणों से प्रभावित होगा । अत: दो तथ्यों में दिखने वाला सह-परिवर्तन मात्र ही उनके बीच सह-संबन्ध की उपस्थिति का परिचायक नहीं हो सकता । ऐसा परिवर्तन आकस्मिक या दैवयोग से भी सम्भव हो सकता है ।

सह-सम्बन्ध की परिभाषा

(Definition of Correlation)

प्रो० डब्लू० आई० किंग के अनुसार "यदि यह सत्य प्रमाणित हो जाय कि अधिकांश उदाहरणों में दो चर हमेशा एक ही दिशा में या परस्पर विपरीत दिशा में घटते-बढ़ते रहने की प्रवृत्ति रखते हैं तो ऐसी स्थिति में हम समझते हैं कि उनके बीच एक निश्चित संबन्ध है । यही संबंन्ध सह-संबन्ध कहलाता है । "If it is proved true that in a large number of instances two variables tend always to fluctuate in the same or opposite direction, we consider that the fact is established and the ralationship exists. The relationship is called correlation."

प्रो० एल० आर० कॉनर (Conner) के शब्दों में "जब दो या अधिक राशियाँ सहानुभूति में परिवर्तित होती हैं, जिससे एक में होने वाले परिवर्तनों के फलस्वरूप दूसरी राशि में भी परिवर्तन होने की प्रवत्ति पायी जाती है, तो वे राशियाँ सह-संबन्धित कहलाती हैं "If two or more quantitites vary in sympathy so that movements in one tend to be accompained by corresponding movements in the other (s) then they are said to be correlated."

उपर्युक्त परिभाषाओं के अध्ययन से स्पष्ट है कि जब दो तथ्यों की ऐसी स्थिति हो कि एक के मूल्यों में हुए परिवर्तन की सहानुभूति में दूसरे के मूल्यों में परिवर्तन हो जाय तो ऐसे तथ्यों को सह-संबन्धित तथ्य कहते हैं और उनके बीच पाये जाने वाले संबन्ध को सह-संबन्ध। दोनों तथ्यों के मूल्यों में होने वाला परितर्वन एक ही दिशा में या एक दूसरे के विपरीत दिशा में हो सकता है ।

किन्हीं तथ्यों के बीच सह-संबन्ध की विद्यमानता का ठीक-ठीक पता लगाने के लिए बड़े गहन विश्लेषण की आवश्यकता होती है । पिछले उदाहरण में देख चुके हैं कि मात्र सह-परिवर्तन ही सह-संबन्ध की उपस्थिति का अन्तिम प्रमाण नहीं है । उसी प्रकार कार्य-कारण संबन्ध के उपस्थित होने से सह-सबन्ध तो निश्चित विद्यमान रहता है किन्तु अगर दो तथ्य सह-संबन्धित हैं तो यह उनके बीच कार्य संबन्ध की उपस्थिति का सदा सूचक नहीं हो सकता । अत: सह-संबन्ध निम्नलिखित में से एक अथवा अधिक कारणों से स्थापित हो सकता है–

(1) दोनों श्रेणियों में कार्य-कारण संबन्ध होने पर

(2) दोनों श्रेणियों में सह-संबन्ध किसी तीसरे सामान्य कारण से भी हो सकता है जैसे आय की अधिकता के कारण लोग कार भी रखें तथा दूरदर्शन भी अर्थात् कार तथा दूरदर्शन रखने में संबन्ध ।

(3) दोनों चरों में एक-दूसरे के कारण परिवर्तन हो जैसे शिक्षा पर व्यय तथा प्रति व्यक्ति आय में संबन्ध ।

डा० वाडिंगट्न ने तो यहाँ तक कहा है कि "यदि सारे प्रमाण यह संकेत करते हैं कि (दोनों श्रेणियों में) कुछ संबन्ध पाया जाता है और पाया जा सकता है तो भी इन प्रमाणों की बड़ी सावधानी से जाँच करनी चाहिए ।"

सह-सम्बन्ध का महत्व

(Importance of Correlation)

सांख्यिकीय अध्ययन में सह-संबन्ध के सिद्धान्त का महत्व बहुत अधिक है । इस सिद्धान्त को विकसित करने का श्रेय फ्रांसिस गाल्टन तथा कार्ल पियर्सन महोदय को है । सह-संबन्ध के सिद्धान्त की मदद से दो या दो से अधिक चरों के बीच संबन्ध को स्पष्ट किया जा सकता है । सह-संबन्ध की दिशा तथा मात्रा का पता लगाया जा सकता है । इसी के आधार पर अर्थशास्त्र व अन्य सामाजिक या प्राकृतिक विज्ञानों के अनेक नियमों का प्रतिपादन किया गया है जैसे माँग एवं पूर्ति का नियम । प्रतीगमन (Regression), विचरण अनुपात (Ratio of variation) आदि की धारणाएँ तो सह-संबन्ध के सिद्धान्त पर ही आधारित हैं । इनकी सहायता से संबन्धित चरों में एक के किसी निश्चित मूल्य के लिए दूसरे के सम्भावित मूल्य का अनुमान लगाया जाता है । टिपेट महोदय का कहना है कि "सह-संबन्ध का प्रभाव हमारी भविष्यवाणी की अनिश्चितता के विस्तार को कम करता है ।" (The effect of the correlation is to reduce the range of uncertainty of our prediction.") अतः व्यावहारिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जहाँ दो या दो से अधिक संबंधित घटनाओं के पारस्परिक संबन्ध का विवेचन करना हो, सह-संबन्ध का सिद्धान्त बहुत उपयोगी सिद्ध होता है ।

सह-सम्बध के प्रकार

(Types of Correlation)

संबन्धित चरों में परिवर्तन की दिशा, अनुपात तथा समंकमालाओं की संख्या के आधार पर सह-संबन्ध को निम्न वर्गों में बांटा जा सकता है-

(1) **धनात्मक सह-सम्बन्ध** (Positive correlation)—जब दो तथ्यों के मूल्यों में होने वाले परिवर्तनों की दिशा समान हो तब उनके बीच पाये जाने वाले सह-संबन्ध को धनात्मक सह-संबन्ध कहा जाता है जैसे किसी वस्तु की मांग और उसकी पूर्ति । हम देखते हैं कि जैसे-जैसे किसी वस्तु की माँग बढ़ती जाती है वैसे-वैसे उसकी पूर्ति भी बढ़ने लगती है ।

(2) **ऋणात्मक सह-सम्बन्ध** (Negative Correlation)—जब दो चरों के मानों में होने वाले परिवर्तनों की दिशा एक दूसरे के विपरीत हो तब उनके बीच पाये जाने वाले सह-संबन्ध को ऋणात्मक सह-संबन्ध कहा जाता है जैसे किसी वस्तु की पूर्ति और उसका मूल्य । हम देखते हैं कि वस्तु की पूर्ति बढ़ने से उसका मूल्य कम होने लगता है तथा पूर्ति में कमी के साथ उसके मूल्य में वृद्धि प्रारम्भ हो जाती है ।

(3) **रेखीय सह-सम्बन्ध** (Linear Correlation)—यदि प्रथम तथ्य के मूल्य में एक निश्चित दर से परिवर्तन हो तथा उसके परिणामस्वरूप दूसरे तथ्य के मूल्य में भी उसी निश्चित दर से परिवर्तन हो अथवा किसी अन्य किन्तु स्थिर दर में परिवर्तन हो तब दोनों के बीच पाया जाने वाला सह-संबन्ध रेखीय सह-संबन्ध कहलाता है । ऐसे तथ्यों को बिन्दु रेखीय पत्र पर अंकित करने पर प्राप्त वक्र एक सरल रेखा के समान होती है । उदाहरण के लिए अगर प्रथम तथ्य के मूल्य में 20% की वृद्धि हो रही हो और दूसरे तथ्य के मूल्य में भी 20% की वृद्धि या कमी हो रही हो अथवा दूसरे तथ्य के मूल्य में भिन्न 15% की स्थायी वृद्धि हो रही हो तो ऐसे सह-संबन्ध को रेखीय सह-संबन्ध कहा जायेगा ।

(4) **वक्र रेखीय सह-सम्बन्ध** (Curvi-linear correlation)—जब दो तथ्यों के मूल्यों के बीच होने वाले परिवर्तनों का अनुपात निश्चित नहीं हो अर्थात प्रथम तथ्य में 10% से वृद्धि हो और इसकी सहानुभूति में दूसरे तथ्य के मूल्य में कभी 3% तो कभी 20% तो कभी 5% आदि भिन्न-भिन्न दरों से वृद्धि व कमी हो तो इनके बीच पाये जाने वाले सह-सम्बन्ध को वक्र रेखीय कहा जाता है । ऐसे समंकों को बिन्दु रेखीय पत्र पर अंकित करने से वक्र रेखा प्राप्त होती है ।

(5) **सरल सह-सम्बन्ध** (Simple correlation)—दो चर मूल्यों के बीच पाये जाने वाले सह-सम्बन्ध को सरल सह-सम्बन्ध कहा जाता है । इन दो चर-मूल्यों में एक कारण अथवा स्वतन्त्र चर होता है तथा दूसरा परिणाम अथवा आश्रित चर होता है ।

(6) **बहुगुणी सह-सम्बन्ध** (Multiple correlation)—बहुगुणी सह-सम्बन्ध में समंकमालाओं की संख्या दो से अधिक होती है । इनमें स्वतन्त्र चर मालाओं की संख्या दो या दो से अधिक रहती है तथा आश्रित चर माला की संख्या एक होती है और उन सभी स्वतन्त्र चर मालाओं का सम्मिलित प्रभाव आश्रित चर माला पर पड़ता है ।

(7) **आंशिक सह-सम्बन्ध** (Partial correlation)—आंशिक सह-सम्बन्ध की स्थिति में भी समंकमालाओं की संख्या दो से अधिक होती है किन्तु एक समय में किन्हीं दो के बीच के सम्बन्ध का ही अध्ययन किया जाता है अन्य चरों के प्रभाव को स्थिर कर दिया जाता है । उदाहरण के लिए, यदि वर्षा और खाद दोनों के गेहूँ की उपज पर सामूहिक प्रभाव का अध्ययन किया जाय तो उसे बहुगुनी सह-सम्बन्ध कहेंगे किन्तु वर्षा की एक स्थिर मात्रा के लिए खाद की मात्रा एवं गेहूँ की पैदावार के बीच के सम्बन्ध का अध्ययन किया जाय तो उसे आंशिक सह-सम्बन्ध कहा जायेगा ।

सह-सम्बन्ध की मात्रा

(Degree of Correlation)

दो या दो तथ्यों के बीच पाये जाने वाले सह-सम्बन्ध की अधिकतम मात्रा इकाई अर्थात् एक मानी गयी है । ऊपर हम इस बात की चर्चा कर चुके हैं कि परिवर्तन की दिशा, अनुपात तथा समंकमालाओं की संख्या के आधार पर सह-सम्बन्ध के विभिन्न प्रकार होते है । उसी प्रकार सह-सम्बन्ध की मात्रा के आधार पर भी सह-सम्बन्ध को विभिन्न वर्गों में बाँटा जाता है जो निम्नलिखित हैं-

(1) **धनात्मक पूर्ण सह-सम्बन्ध** (Perfect Positive Correlation)—जब दो चरों के मूल्यों में होने वाले परिवर्तन की दिशा एवं परिवर्तन के अनुपात दोनों समान हो तो उनके बीच के सह-सम्बन्ध को पूर्ण धनात्मक सह-सम्बन्ध कहा जाता है । ऐसी स्थिति में सह-सम्बन्ध गुणांक सदा + 1 के बराबर आता है । इसे निम्न उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है-

दैनिक आय	दैनिक बचत
Rs.	Rs.
5	2
10	4
15	6
20	8
25	10

ऊपर के उदाहरण में हम पाते हैं कि व्यक्ति की आय और उसकी बचत दोनों में वृद्धि हो रही है अर्थात् दोनों चरों में परिवर्तन की दिशा समान है । हम यह भी देख रहे हैं कि आय में 5 रु० की दर से वृद्धि हो रही है । इसके परिणामस्वरूप बचत में होने वाली वृद्धि भी एक निश्चित मात्रा में हो रही है । बचत में 2 रु० की दर से वृद्धि हो रही है । अत: यहाँ परिवर्तन के अनुपात भी दोनों चरों में समान है ।

(2) **ऋणात्मक पूर्ण सह-सम्बन्ध** (Negative Perfect Correlation)—यदि दो चरों में परिवर्तन का अनुपात समान हो किन्तु परिवर्तन की दिशा एक दूसरे के विपरीत हो तब उनके बीच पाया जाने वाला सह-सम्बन्ध पूर्ण तो होगा लेकिन वह ऋणात्मक होगा । उसे ऋणात्मक पूर्ण सह-सम्बन्ध कहा जायेगा । ऋणात्मक पूर्ण सह-सम्बन्ध गुणांक की मात्रा सदैव- 1 के बराबर होती है । उदाहरण के लिए किसी नगर में चिकित्सकों की संख्या तथा रोग से मरने वालों की संख्या निम्न प्रकार है-

चिकित्सकों की संख्या	रोग से मरने वालों की संख्या
Rs.	Rs.
2	14
4	12
6	10
8	8
10	6

ऊपर के समंकों से स्पष्ट है कि चिकित्सकों की संख्या में वृद्धि हो रही है और मृतकों की संख्या में कमी हो रही है अर्थात् दोनों चरों में परिवर्तन की दिशा विपरीत है । किन्तु दोनों में परिवर्तन का अनुपात समान है । एक में दो की दर से वृद्धि हो रही है तो दूसरे में 2 की ही दर से कमी हो रही है ।

(3) **शून्य सह-सम्बन्ध** (Zero Correlation)–जब किन्हीं दो चरों के बीच परिवर्तन किसी मान्य कारण से नहीं बल्कि संयोगवश हो रहा हो तो वहाँ सह-सम्बन्ध का अभाव पाया जाता है । ऐसी स्थिति में सह-सम्बन्ध गुणांक सदा शून्य (0) होता है ।

(4) **सीमित मात्रा का सह-सम्बन्ध** (Limited Degree of Correlation)–ऊपर हमलोग देख चुके हैं कि सह-संबंध की एक स्थिति पूर्ण सह-सम्बन्ध की हो सकती है तो दूसरी शून्य सह-सम्बन्ध की । ये दोनों ही स्थितियाँ सह-सम्बन्ध की चरम स्थिति को बताती हैं । इन्हीं दोनों अर्थात् पूर्ण सह-सम्बन्ध और शून्य सह-सम्बन्ध की चरम सीमित के मध्य की स्थिति को सीमित मात्रा का सह-सम्बन्ध (Limited Degree of Correlation) कहा जाता है । दो चरों के बीच पूर्ण सह-सम्बन्ध होने का तात्पर्य यह है कि उनके बीच सह-सम्बन्ध का अभाव तो नहीं है लेकिन उनके बीच पूर्ण सह-सम्बन्ध भी नहीं है । ऐसी स्थिति में सह-सम्बन्ध होने का तात्पर्य गुणांक शून्य से अधिक किन्तु एक से कम होता है । सीमित मात्रा का सह-सम्बन्ध भी धनात्मक या ऋणात्मक हो सकता है । अध्ययन की सुविधा के लिए सीमित मात्रा के सह-सम्बन्ध को उसकी मात्रा के आधार पर निम्न वर्गों में बाँटा जा सकता है-

(A) **उच्च स्तरीय सह-सम्बन्ध** (High Degree Correlation)–जब दो चरों के बीच पाया जाने वाला सह-सम्बन्ध गुणांक $\pm .75$ या इससे अधिक हो लेकिन ± 1 से कम हो तो उसे उच्च स्तरीय सह-सम्बन्ध कहा जाता है । ऐसी स्थिति में सह-सम्बन्ध गुणांक $\pm .75$ से ± 1 के बीच कोई भी मान हो सकता है ।

(B) **मध्यम स्तरीय सह-सम्बन्ध** (Moderate Degree of Correlation)–मध्य-स्तरीय सह-सम्बन्ध की स्थिति में दो चरों के बीच पाया जाने वाला सह-सम्बन्ध गुणांक ± 0.25 से लेकर ± 0.75 के बीच ही रहता है । दूसरे शब्दों में सह-सम्बन्ध गुणांक ± 0.25 या उससे अधिक लेकिन ± 0.75 से कम कुछ भी हो सकता है ।

(C) **निम्नस्तरीय सह-सम्बन्ध** (Low Degree Correlation)–निम्नस्तरीय सह-सम्बन्ध से आशय यह है कि सह-सम्बन्ध तो उपस्थित है लेकिन वह मध्यम स्तरीय सह-सम्बन्ध से कम है । ऐसी स्थिति में सह-सम्बन्ध गुणांक शून्य (0) से अधिक किन्तु ± 0.25 से कम कुछ भी हो सकता है ।

सह-सम्बन्ध की विभिन्न मात्राओं एवं नामों को निम्न तालिका द्वारा आप अधिक सरलता से समझ सकते हैं-

सह-सम्बंध की मात्रा	सह-सम्बंध का प्रकार
(i) + 1	पूर्ण धनात्मक सह-सम्बन्ध
(ii) - 1	पूर्ण ऋणात्मक सह-सम्बन्ध
(iii) +0.75 से +1 के मध्य	उच्चस्तरीय धनात्मक सह-सम्बन्ध
(iv) – 0.75 से - 1 के मध्य	उच्चस्तरीय ऋणात्मक सह-सम्बन्ध

(v)	+0.25 से + 0.75 के माध्य	मध्यस्तरीय धनात्मक सह-सम्बन्ध
(vi)	− 0.25 से −0.75 के मध्य	मध्यस्तरीय ऋणात्मक सह-सम्बन्ध
(vii)	0 से अधिक किन्तु 0.25 से कम	निम्नस्तरीय धनात्मक सह-सम्बन्ध
(viii)	0 से कम किन्तु − 0.25 से अधिक	निम्नस्तरीय ऋणात्मक सह-सम्बन्ध
(ix)	शून्य (0)	सह-सम्बन्ध का अभाव

आदर्श प्रश्न

(Model Questions)

1. सह-सम्ब्रन्ध का अर्थ बतावें और इसके विभिन्न प्रकारों को संक्षेप में वर्णन करें ।
2. सह-सम्बन्ध के महत्व की चर्चा करें तथा धनात्मक एवं ऋणात्मक सह-सम्बन्ध में अन्तर उदाहरण द्वारा स्पष्ट करें ।

●

पाठ-23

सह-सम्बन्ध की गणना (प्रथम)

(Calculation of Correlation I)

प्रिय छात्रो,

गत पाठ में हमलोग सह-सम्बन्ध का अर्थ, उसके विभिन्न प्रकार तथा उसकी विभिन्न मात्राओं की चर्चा विस्तृत रूप में कर चुके हैं । अब इस पाठ में सह-संबन्ध ज्ञात करने की विभिन्न विधियों की चर्चा की जायेगी ।

सह-संबंध की गणना निम्नलिखित विधियों के उपयोग से की जाती है-

(1) विक्षेप चित्र या बिन्दु विधि (Scatter-Diagram or Dot Diagram Method)

(2) बिन्दु रेखीय विधि (Graphic Method)

(3) संगामी विचलन गुणांक (Coefficient of Concurrent Deviation)

(4) कार्ल-पियर्सन का सह-सम्बन्ध गुणांक (Karl Person's Coefficient of Correlation)

(5) स्पीयरमैन की कोटि अन्तर विधि (Spearman's Rank-Difference Method)

(1) विक्षेप चित्र या बिन्दु या चित्र विधि-दो समंकमालाओं के बीच के सह-सम्बन्ध का अनुमान लगाने की यह एक सरल विधि हैं । इसमें दोनों समंकमालाओं के चरों को बिन्दुरेखीय पत्र पर प्रांकित कर दिया जाता है तथा प्रांकित बिन्दुओं की स्थिति एवं जमाव को देखकर सह-सम्बन्ध का अनुमान लगाया जाता है ।

स्वतन्त्र चर के मूल्यों को भुजाक्ष (OX) पर तथा आश्रित चर के मूल्यों को कोटि-अक्ष (OY) पर दिखाया जाता है । इस प्रकार बिन्दुरेखीय पत्र पर उतने ही बिन्दु प्राप्त हो जाते हैं जितने दोनामें समंकमालाओं में चर युग्म होते हैं । बिन्दुओं का यह समूह अनेक रूपों में बिखरा हुआ हो सकता है । इन विभिन्न रूपों के आधार पर ही सह-सम्बन्ध की दिशा व मात्रा का अनुमान लगाया जाता है । विक्षेप चित्रों के अध्ययन के लिए निम्न रीतियाँ व्यवहार में लायी जाती हैं-

(1)यदि बिन्दु रेखीय पत्र पर प्रांकित बिन्दुओं की कोई निश्चित दिशा नहीं हो, वे तितर-बितर ढंग से बिखरे हुए हों तो इससे दोनों चरों के बीच सह-सम्बन्ध का अभाव स्पष्ट होता है । इसे निम्न चित्र द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है-



(2) यदि बिन्दुरेखीय पत्र पर प्रांकित बिन्दुओं के समूह से उनकी एक निश्चित दिशा में धारा के समान प्रवाहित होने की प्रवृत्ति प्रकट होती है तो इससे दोनों में सह-सम्बन्ध की उपस्थिति की सूचना मिलती है । बिन्दुओं की यह धारा यदि निचले बायें कोने से क्रमशः ऊपर दाहिने कोने की ओर उठती हुई हो तो धनात्मक सह-सम्बन्ध होता है । इसे निम्न चित्र द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है–



उपर्युक्त के विपरीत यदि बिन्दुरेखीय पत्र पर प्रांकित बिन्दुओं का समूह ऊपर बायें कोने से क्रमशः निचले दायें कोने की ओर बढ़ता हुआ हो तो इससे ऋणात्मक सह-सम्बन्ध की उपस्थिति का संकेत मिलता है । इसे निम्न चित्र द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है-



(3) यदि बायीं ओर के निचले कोने से दायीं ओर के ऊपरी कोने तक सभी बिन्दु एक सीधी रेखा के रूप में स्थित हों तो इससे पूर्ण धनात्मक सह-सम्बन्ध की उपस्थिति का बोध होता है । इसे निम्न चित्र द्वारा दिखाया जाता है-



(4) यदि बायीं ओर के ऊपर वाले कोने से प्रारम्भ होकर बिन्दुओं का समूह दायीं ओर के निचले कोने तक एक सीधी रेखा में जमा हो जाता है तो इससे पूर्ण ऋणात्मक सह-सम्बन्ध की उपस्थिति का बोध होता है । इसे निम्न चित्र द्वारा दिखाया जा सकता है-



(5) यदि प्रांकित बिदुओं के समूह के बीच से एक सरल रेखा खींच दी जाय ते विक्षेप चित्र के बिन्दु इस रेखा के जितनी निकट होंगे, सह-सम्बन्ध गुणांक की मात्रा उतनी ही अधिक होगी । इस रेखा को प्रतीपगमन रेखा (Regression line) भी कहा जाता है । इसकी सहायता से किसी एक ज्ञात मूल्य के आधार पर दूसरे आश्रित चर के अज्ञात मूल्य को ज्ञात किया जा सकता है ।

गुण व दोष (Merit and Demerits)–सह-सम्बन्ध ज्ञात करने की यह विधि काफी सरल है । इसमें किसी प्रकार की गणितीय क्रिया की आवश्यकता नहीं होती । चित्रमय प्रदर्शन के कारण आकर्षक ढंग से सह-सम्बन्ध का एक स्पष्ट एवं स्थायी अनुभव हो जाता है ।

इस विधि की प्रमुख कमी व दोष यह है कि इससे सह-सम्बन्ध की मात्रा का ठीक-ठीक ज्ञान नहीं हो सकता । इससे अनुमान मात्र ही लगाया जा सकता है ।

(2) **बिन्दु रेखीय विधि**-यह विधि विक्षेप चित्र विधि से बहुत समानता रखती है । इसमें दी गयी दोनों चरमालाओं को जिनके बीच सह-सम्बन्ध का अध्ययन करना है, बिन्दुरेखीय पत्र पर प्रांकित कर देते हैं । समय, स्थान अथवा कोई अन्य उभयनिष्ठ गुण को भुजाक्ष

(OX) रेखा पर श्रेणियों के मूल्यों को कोटि अक्ष (OY) पर दिखाया जाता है । दोनों चर मालाओं को अलग-अलग रंगों तथा चिन्हों से तैयार किया जाता है । इस प्रकार दो वक्र बिन्दुरेखीय पत्र पर अंकित हो जाते हैं । फिर दोनों वक्र की रचना एवं प्रकृति को देखकर सह-सम्बन्ध की प्रकृति एवं मात्रा का अनुमान लगाया जाता है ।

यदि दोनों वक्र एक ही दिशा में बढ़ते व घटते हैं तो इससे उनके बीच प्रत्यक्ष धनात्मक सह-सम्बन्ध का बोध होता है । इसके विपरीत यदि दोनों वक्र दो विपरीत दिशाओं में विचलन करते हैं तो इससे उनके बीच अप्रत्यक्ष, ऋणात्मक सह-सम्बन्ध का बोध होता है । यदि दोनों वक्र एक दूसरे के समानान्तर विचरण करते हैं तो उनके बीच पूर्ण सह-सम्बन्ध होता है । दोनों वक्रों के उच्चावचन की प्रवृत्ति जितनी समान होगी, सह-सम्बन्ध की मात्रा उतनी ही अधिक मानी जायेगी । यदि दोनों वक्रों में एक ही दिशा या विपरीत दिशाओं में परिवर्तित होने की कोई प्रवृत्ति नहीं पाई जाती तो दोनों में सह-सम्बन्ध का अभाव समझा जाता है ।

गुण व दोष (Merit and Demerits)– यह विधि भी सह-सम्बन्ध का केवल चाक्षुष अध्ययन (Visual study) करती है । उसकी मात्रा का ठीक-ठीक पता इससे नहीं चलता । इस विधि के भी वही गुण-दोष हैं जो विक्षेप चित्र विधि के हैं ।

(3) **संगामी विचलन गुणांक**-इस विधि के अन्तर्गत सर्वप्रथम तो दोनों समंकमालाओं के लिए विचलन (d) निकाले जाते हैं । विचलन लेने के लिए प्रत्येक पद में से उसके पूर्व के पद को घटा देते हैं । विचलन की मात्रा पर ध्यान नहीं दिया जाता । विचलन की दिशा (+) या (−) की ओर ही ध्यान दिया जाता है । यदि किसी पद का मूल्य उसके पूर्व वाले पद के मूल्य से बड़ा हो तो विचलन धनात्मक (+) होगा तथा इसके विपरीत स्थिति में विचलन ऋणात्मक (−) होगा । यदि किसी पद का मूल्य उससे पूर्व वाले पद के मूल्य के बराबर है तो विचलन शून्य (0) होता है ।

विचलन लेने के पश्चात् x तथा y दोनों समंकमालाओं के तत्सम्बन्धी विचलन चिन्हों को गुणा करके संगामी विचलन वाले कॉलम में लिख दिया जाता है ।

संगामी विचलन वाले कॉलम में लिखे गये धनात्मक चिन्हों (+) को गिन लिया जाता है । इसे संगामी विचलनों की संख्या कहते हैं तथा इसे (C) से व्यक्त किया जाता है ।

अंत में निम्न सूत्र का उपयोग करके सह-सम्बन्ध का पता लगाया जाता है ।

$$rc - \pm\sqrt{\pm\frac{2c-n}{n}}$$

यहाँ rc = Coefficient of Concurrent Correlation.

c = No. of Concurrent deviations.

n = No. of items for which deviations have been taken or N – 1

निम्न उदाहरण के माध्यम से इसकी क्रियाविधि को स्पष्ट किया जा सकता है-

उदाहरण-1

Calculate Coefficient of correlation of concurrent deviation method.

X	:	15	18	25	20	18	22	17	16
Y	:	50	52	50	55	60	58	55	56

हल :

X	(dx)	Y	dy	Concurrent Deviation or C
15		50		
18	+	52	+	+
25	+	50	–	–
20	–	55	+	–
18	–	60	+	–
22	+	58	–	–
17	–	55	–	+
16	–	56	+	–
	n = 7		n = 7	c = 2

$$rc = \pm\sqrt{\pm\frac{2c-n}{n}}$$

$$= \pm\sqrt{\pm\frac{2\times 2-7}{7}}$$

$$\left(= \pm\sqrt{\frac{4-7}{7}}\right)$$

$$= -\sqrt{\frac{-3}{7}} = -\sqrt{.4285714} = -0.65$$

$$rc = -0.65.$$

गुण-दोष (Merits and Demerits)–यह विधि गणना की दृष्टि से सरल है किन्तु इससे सह-सम्बन्ध की दिशा का ही पता चलता है । सह-सम्बन्ध की मात्रा का पता नहीं चलता । इसमें विचलन की मात्रा नहीं बल्कि विचलन की दिशा पर ध्यान दिया जाता है, अत: इसके परिणाम अविश्वसनीय होते हैं ।

ऊपर जिन तीन विधियों की चर्चा अब तक हमलोग कर चुके वे सब सह-सम्बन्ध की दिशा व प्रकृति को ही बता पाती हैं । सह-सम्बन्ध की मात्रा का ज्ञान कराने में वे पूर्णत: असमर्थ हैं । यही कारण है कि व्यवहार में इनका उपयोग बहुत कम किया जाता है ।

(4) **कार्ल पियर्सन का सह-सम्बन्ध गुणांक**-कार्ल पियर्सन की विधि सह-सम्बन्ध को मापने की सबसे अच्छी एवं लोकप्रिय विधि है । अगर किन्हीं दो चरों के बीच सह-सम्बन्ध की गणना की किसी विशेष विधि का संकेत नहीं हो तो सामान्यत: वहाँ कार्ल पियर्सन की विधि का ही उपयोग किया जाता है । इस विधि की विशेषता यह है कि इसके द्वारा दो चरों के मध्य उपस्थित सह-सम्बन्ध की मात्रा व दिशा दोनों का पता लग लाता है । समान्तर माध्य माध्य $(\overline{X})$ तथा प्रमाप विचलन (—) पर आधारित होने के कारण गणितीय दृष्टि से भी यह विधि उपयुक्त होती है । इस विधि द्वारा दोनों चरों के मध्य सह-विचरण (Co-variation) को भी ज्ञात किया जा सकता है । दो चरों के मध्य सह-सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए कार्ल पियर्सन की विधि को (क) प्रत्यक्ष रीति तथा (ख) लघु रीति-दो रूपों में प्रयोग किया जाता है । कार्ल पियर्सन के सह-सम्बन्ध गुणांक को (r) से व्यक्त किया जाता है ।

(क) प्रत्यक्ष रीति (Direct Method)–इस रीति से सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित प्रक्रियाओं को पूर्ण किया जाता है :

(i) दोनों समंकमालाओं का अलग-अलग समान्तर माध्य अर्थात $\bar{x}$ तथा $\bar{y}$ ज्ञात किया जाता है ।

(ii) उसके पश्चात् प्रत्येक श्रेणी के व्यक्तिगत मूल्यों का उनके समान्तर माध्य से विचलन किया जाता है, जिसे क्रमशः $d\bar{x}$ तथा $d\bar{y}$ द्वारा व्यक्त किया जाता है ।

(iii) दोनों समंकमालाओं के संबंधित विचलनों को गुणा करके गुणनफलों का योग $(\Sigma d\bar{x}\ d\bar{y})$ ज्ञात किया जाता है ।

(iv) दोनों समंकमालाओं का अलग-अलग प्रमाप विचलन (—x तथा —y) ज्ञात किया जाता है ।

(v) अन्त में निम्न सूत्रों का उपयोग करके सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात कर लिया जाता है :

(A) $$r = \frac{\Sigma dx.\ d\bar{y}}{N j\ x.-y}$$

(B) $$r = \frac{\Sigma d\bar{x}.d\bar{y}}{N\sqrt{\frac{\Sigma d^2\bar{x}}{N}} \times \sqrt{\frac{\Sigma d^2\bar{y}}{N}}}$$

(C) $$r = \frac{\Sigma d\bar{x}.d\bar{y}}{\sqrt{\Sigma d^2\bar{x}.Xd^2\bar{y}}}$$

उपर्युक्त सूत्रों में प्रयुक्त :

r = सह-सम्बन्ध गुणांक

N= समंकमालाओं में पदों की संख्या (दोनों ही श्रेणियों में पदों की संख्या समान रहती है । किसी एक ही श्रेणी के पदों की संख्या का उपयोग किया जाता है ।

ऊपर लिखे गये तीनों सूत्रों में कोई मूल अन्तर नहीं है । सूत्र B तथा C प्रथम सूत्र A के सरल रूप हैं । हम सम्बन्ध की गणना करते समय किसी भी सूत्र का उपयोग कर सकते हैं । प्रथम सूत्र का उपयोग उस समय करना चाहिए जब दोनों ही समंकमालाओं के प्रमाप विचलनों के मान ज्ञात हों अन्यथा प्रमाप विचलनों को ज्ञात करने में काफी समय लग जाता है । ऐसी स्थिति में अर्थात् प्रमाप विचलन ज्ञात नहीं रहने पर सूत्र (B) अथवा (C) का उपयोग करना चाहिए । आमतौर पर सूत्र (C) का उपयोग ज्यादा किया जाता है क्योंकि यह सूत्र (B) का ही सरलतम रूप है । निम्न उदाहरण के द्वारा प्रत्यक्ष रीति से सह-सम्बन्ध गुणांक की गणना प्रक्रिया को सरलतापूर्वक समझा जा सकता है-

उदाहरण-2

वाणिज्य महाविद्यालय के बी० कॉम० के 10 छात्रों द्वारा दो विषयों-सांख्यिकी और अर्थशास्त्र में प्राप्त अंक निम्न प्रकार हैं-

Statistics :	50	40	60	50	55	35	45	65	70	30
Economics :	60	50	80	60	45	50	55	60	80	60

उपर्युक्त आँकड़ों से सांख्यिकी और अर्थशास्त्र विषयों के प्राप्तांकों के बीच सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिये ।

हल :

सांख्यिकी प्राप्तांक (X)	$(X-\bar{X})$ $d\bar{x}$	विचलनों का वर्ग $d^2\bar{x}$	अर्थशास्त्र का प्राप्तांक (y)	समान्तर माध्य से विचलन $\bar{y}-\bar{y}=d\bar{y}$	विचलनों का वर्ग d^2y	विचलनों का गुणनफल $d\bar{x}.d\bar{y}$
50	0	0	60	0	0	0
40	−10	100	50	−10	100	100
60	10	100	80	20	400	200
50	0	0	60	0	0	0
55	5	25	45	−15	225	−75
35	−15	225	50	−10	100	150
45	− 5	25	55	− 5	25	25
65	15	225	60	0	0	0
70	20	400	80	20	400	400
30	−20	400	60	0	0	0
कुल : 500		1500	600		1250	800

(i) $\bar{X}=\frac{\Sigma x}{N}=\frac{500}{10}=50$ (i) $\bar{Y}=\frac{\Sigma y}{N}=\frac{600}{10}=60$

हम जानते हैं कि $r=\frac{\Sigma d\bar{x}.d\bar{y}}{\sqrt{\Sigma d^2x.\Sigma d^2\bar{y}}}$

ऊपर के सूत्र में मान रखने पर :

$$r=\frac{800}{\sqrt{1500\times1250}}=\frac{800}{\sqrt{1875000}}=\frac{800}{1369.31}=0.58$$

अतः सांख्यिकी और अर्थशास्त्र के प्राप्तांकों के बीच का मध्यम स्तरीय धनात्मक सह-सम्बन्ध है ।

उदाहरण-3

निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर X तथा Y दो चरों के बीच सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात करें :

$\bar{X}=35,$ j $x=3.6$

$\Sigma d\bar{x}.\ d\bar{y}=60$ तथा $N=10$

$\bar{Y}=31,$ j 4.1

हल :

$$r = \frac{d\overline{x}.d\overline{y}}{N.j\ \overline{x}.j\ y} = \frac{6}{10 \times 3.6 \times 4.1} = \frac{6.}{1476} = 0.41$$

$r = 0.41$

अत: x तथा y के बीच धनात्मक मध्यम स्तरीय सह-सम्बन्ध है ।

(ख) **लघु रीति** (Shortcut Method)–सह-सम्बन्ध गुणांक निकालने की प्रत्यक्ष रीति में गणना प्रक्रिया काफी जटिल हो जाती है । सर्वप्रथम तो दोनों श्रेणियों का वास्तविक समान्तर माध्य निकाला जाता है । तत्पश्चात् श्रेणी के प्रत्येक मूल्य से विचलन निकाले जाते हैं । अगर समान्तर माध्य पूर्णांक नहीं आता तो विचलन निकलने में परेशानी बढ़ जाती है । विचलनों के माध्य दशमलव में आते हैं । फिर इन विचलनों का वर्ग करने में भी कठिनाई होती है । इन्हीं कठिनाइयों को समाप्त करने के लिए लघु रीति का उपयोग किया जाता है । इस रीति में पदों का विचलन उनके वास्तविक समान्तर माध्य से नहीं बल्कि किसी कल्पित पूर्णांक संख्या से निकाला जाता है । सामान्यत: श्रेणी में उपस्थित किसी पूर्णांक मान को ही काल्पनिक समान्तर माध्य मान लिया जाता है । इससे लिये गये विचलनों के मान भी पूर्णांक में आते हैं जिससे उनके वर्ग निकालने तथा विचलनों के गुणनफल निकालने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती । गणना क्रिया सरल हो जाती है तथा दशमलव से हमारा पीछा छूट जाता है । लघु रीति की गणना प्रक्रिया के प्रमुख अंग निम्नलिखित हैं :

(i) सर्वप्रथम x तथा y दोनों श्रेणियों में उपलब्ध अलग-अलग मानों को उनका कल्पित समान्तर माध्य मान लिया जाता है।

(ii) प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक पदमान में से उसका काल्पनिक समान्तर माध्य घटाते हुए विचलन लेते हैं । x श्रेणी के ऐसे विचलनों को dx तथा y श्रेणी के ऐसे विचलनों को dy से दर्शाते हैं ।

(iii) प्राप्त विचलनों अर्थात् dx तथा dy का वर्ग करके क्रमश: d^2x तथा d^2y प्राप्त कर लिया जाता है ।

(iv) दोनों श्रेणियों के तत्संबंधित विचलनों का गुणा करके उनका गुणनफल dx.dy ज्ञात किया जाता है ।

(v) दोनों ही श्रेणियों से संबंधित विभिन्न कॉलमों (खानों) का योग अर्थात् Σdx, Σd^2x, Σdy, Σd^2y तथा $\Sigma dx..dy$ ज्ञात कर लिया जाता है ।

(vi) अंत में निम्न सूत्र का उपयोग करके सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात कर लिया जाता है :

$$r = \frac{N.\Sigma dx.dy - (\Sigma dx)(\Sigma dy)}{\sqrt{N\Sigma d^2x - (\Sigma dx)^2} \times \sqrt{N\Sigma d^2y - (\Sigma dy)^2}}$$

निम्न उदाहरण के माध्यम से उपर्युक्त सूत्र के उपयोग को स्पष्ट किया जा सकता है :

उदाहरण-4

निम्नलिखित आँकड़ों से विज्ञापन व्यय तथा बिक्री राशियों (lakh) के बीच सह-सम्बन्ध ज्ञात करें :

विज्ञापन व्यय :	39	65	62	90	82	75	25	98	36	78
बिक्री राशि :	47	53	58	86	62	68	60	91	51	84

लघु रीति से सह-सम्बन्ध गुणांक की गणना

विज्ञापन व्यय x	dx/90	d^2x	विक्रय राशी (y)	dy/90	d^2y	dx.dy
39	−51	2601	47	−13	169	663
65	−25	625	53	− 7	49	175
62	−28	784	58	− 2	4	56
90	0	0	86	26	676	0
82	− 8	64	62	2	4	− 16
75	−15	225	68	8	64	−120
25	−65	4225	60	0	0	0
98	8	64	91	31	961	248
36	−54	2961	51	− 9	81	486
78	−12	144	84	24	576	−288
	−250	11,648		60	2548	1204

माना कि श्रेणी X का काल्पनिक समान्तर माध्य = 90

तथा श्रेणी Y का काल्पनिक समान्तर माध्य = 60

$$r = \frac{N.\Sigma dx.dy - (\Sigma dx)(\Sigma dy)}{\sqrt{N\Sigma Id^2x - (\Sigma Idx)^2} \times \sqrt{N\Sigma d^2y - (\Sigma dy)^2}}$$

$$= \frac{10 \times 1204 - (-250)(60)}{\sqrt{10 \times 11648 - (-250)^2}} \times \sqrt{10 \times 2584 - (60)^2}$$

$$= \frac{12040 + 15000}{\sqrt{116480 - 62500} \times \sqrt{25840 - 3600}}$$

$$= \frac{27040}{\sqrt{53980} \times \sqrt{22240}} = \frac{27040}{232.34 \times 149.13}$$

$$= \frac{27040}{34648.86} = 0.78$$

अत: विज्ञापन व्यय और विक्रय राशि में धनात्मक उच्च्र स्तरीय सह-सम्बन्ध है ।

गुण एवं दोष
(Merits and Demerits)

सह-सम्बन्ध ज्ञात करने की कार्ल पियर्सन की विधि बहुत ही लोकप्रिय है । यह एक ही साथ सह-सम्बन्ध की दिशा एवं मात्रा दोनों की जानकारी देती है । इसके परिणाम अधिक विश्वसनीय भी हैं किन्तु इसकी गणना प्रक्रिया काफी विस्तृत है । इसे करने में काफी समय लगता है तथा समझने के लिए प्रयत्न करना पड़ता है ।

आदर्श प्रश्न
(Model Questions)

1. निम्नलिखित के बीच सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात करें तथा उसका संभाव्य विभ्रम निकालें :

Marks in History :	20	30	20	17	19	23	35	13	16
Marks in Geography :	25	35	20	18	25	28	33	18	20

2. Calculate coefficient of correlation between the following and interpret from your answer.

A :	30	31	32	29	28	27	27	34	36	36
B :	60	61	62	63	59	58	57	57	66	67

3. सह-सम्बन्ध ज्ञात करने की विधियों के नाम बतावें तथा बिन्दुरेखीय विधि का वर्णन करें ।

4. पिता और पुत्र की ऊँचाई से संबंधित निम्नलिखित समंकों के आधार पर सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात करें ।

पिता की ऊँचाई (इंच में) :	65	66	67	67	68	69	71	73
पुत्र की ऊचाई (इंच में) :	67	68	64	68	72	70	69	70

पाठ-24

सह-सम्बन्ध गुणांक की गणना (द्वितीय)
(Calculation of Correlation Coefficient) (II)

प्रिय छात्रो,

इस पाठ में हमलोग गुण-परिघात सह-सम्बन्ध विधि तथा स्पीयरमैन की कोटि अन्तर विधि की चर्चा करेंगे ।

गुणन-परिघात सह-सम्बन्ध गुणांक
(Product Moment Correlation Coefficient)

सह-सम्बन्ध ज्ञात करने की यह विधि बहुत ही सरल है । वास्तव में कार्ल पियर्सन ने इसी विधि का प्रयोग किया है, जिसकी चर्चा पिछले पाठ में हो चुकी है । कार्ल पियर्सन के सूत्र को ही यहाँ दूसरे रूप में दिया जा रहा है । इस प्रकार प्राप्त गुणांक को गुणनपरिघात सह-सम्बन्ध गुणांक कहते हैं । इसका उपयोग उस समय करना चाहिए जब दोनों श्रेणियों में इकाइयों की संख्या कम हो तथा इकाइयों का मूल्य भी बहुत कम हो । इसकी क्रियाविधि निम्न प्रकार है-

(1) सर्वप्रथम x तथा y दोनों श्रेणियों में दिये गये मूल्यों का वर्ग करके x^2 तथा y^2 ज्ञात कर लिया जाता है ।

(2) x तथा y के मूल्यों को गुणा करके उनके गुणनफलों का योग Σxy प्राप्त कर लिया जाता है ।

(3) अन्त में निम्न सूत्र का उपयोग कर सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात कर लिया जाता है ।

$$r = \frac{N.\Sigma xy.j\ (\Sigma x)(\Sigma y)}{\sqrt{N\Sigma x^2\ j\ (\Sigma x)^2} \times \sqrt{N\Sigma y^2\ j\ (\Sigma y)^2}}$$

उदाहरण-1

Calculate the coefficient of correlation by Product Moment Method from the following :

x :	8	12	16	20	24	28	32
y :	2	4	6	8	10	12	14

हल :

Calculation of correlation coefficient

X	X^2	Y	Y^2	X.Y
8	64	2	4	16
12	144	4	16	48
16	256	6	36	96
20	400	8	64	160
24	576	10	100	240
28	784	12	144	336
32	1024	14	196	448
140	3248	56	560	1344

$$r = \frac{N.\Sigma xy.j\ (\Sigma x)(\Sigma y)}{\sqrt{N\Sigma x^2\ j\ (\Sigma x)^2} \times \sqrt{N\Sigma y^2\ j\ (\Sigma y)^2}}$$

$$= \frac{7 \times 1344\,j\ (140 \times 56)}{\sqrt{7 \times 3248\,j\ (140)^2} \times \sqrt{7 \times 560\,j\ (56)^2}}$$

$$= \frac{9408\,j\ 7840}{\sqrt{7 \times 3248\,j\ (140)^2} \times \sqrt{7 \times 560\,j\ (56)^2}}$$

$$= \frac{1568}{\sqrt{3136 \times 784}} = \frac{1568}{\sqrt{2458624}}$$

$$= \frac{1568}{1568} = 1$$

अत: X और Y के बीच धनात्मक पूर्ण सह-सम्बन्ध है ।